**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह यादव,मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-34 का उत्तर।**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>34- (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ मे जे०बी० गार्डेन कालोनी, पूर्वीदीन खेडा, पारा में कितने इण्डिया मार्का हैण्ड पाइप स्थापित किये गये थे ?</td><td>नगर निगम, लखनऊ स्थित जे०बी० गार्डेन कालोनी पूर्वीदीन खेड़ा पारा क्षेत्र में वर्तमान में 08 स्थानों पर इण्डिया मार्का हैण्डपम्प स्थापित हैं।</td></tr>
<tr><td>(ख) क्या उक्त हैण्ड पाइपों की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ?</td><td>जी हाँ।<br>1- श्री ज्ञानेन्द्र दीक्षित के घर के पास<br>2- नन्देश्वर मंदिर के पास<br>3- डी०एन०एस० स्कूल के पास<br>4- विष्णु त्रिपाठी के घर के पास<br>5- जन सेवा केन्द्र<br>6- जे०बी० गार्डेन कालोनी कृष्णा मेडिकल स्टोर के सामने<br>7- महादेव डिजिटल लाइब्रेरी के पास<br>8-श्री बबलू सिंह के घर के पास</td></tr>
<tr><td>(ग) क्या वर्तमान में सभी हैण्ड पाइप क्रियाशील है ?</td><td>नगर निगम, लखनऊ स्थित जे०बी० गार्डेन कालोनी पूर्वीदीन खेड़ा पारा क्षेत्र में 08 स्थानों पर इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगे है, उक्त क्षेत्र में स्थापित 08 हैण्डपम्पों की जांच में 01 हैण्डपम्प क्रियाशील एवं 07 रिबोर योग्य पाये गये हैं।<br>उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत क्षेत्र में स्थापित 08 हैण्डपम्पों के यंत्रों की वर्तमान स्थिति निम्नवत हैं:-
<table>
<tr><th>क्र० सं०</th><th>स्थान</th><th>सामग्री की स्थिति</th></tr>
<tr><td>1</td><td>श्री ज्ञानेन्द्र दीक्षितके घर के पास</td><td>सामग्री लगी है। (क्रियाशील)</td></tr>
<tr><td>2</td><td>नन्देश्वर मंदिर के पास</td><td>टोटी नही लगी है केवल हैण्डललगा है। (रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>3</td><td>डी०एन०एस० स्कूल के पास</td><td>सामग्री लगी हैं।(रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>4</td><td>विष्णु त्रिपाठी के घर के पास</td><td>केवल बेस पैडिस्टर लगा है, अन्य सामग्री नहीं हैं।(रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>5</td><td>जन सेवा केन्द्र</td><td>केवल बेस पैडिस्टर लगा है, अन्य सामग्री नहीं हैं।(रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>6</td><td>जे०बी० गार्डेन कालोनी कृष्णा मेडिकल स्टोर के सामने</td><td>हैण्ड, हैण्डल बेस टोटी लगी हैं। केवल पाइप नहीं है। (रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>7</td><td>महादेव डिजिटल लाईब्रेरी के पास</td><td>सामग्री लगी हैं।(रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td>8</td><td>श्री बबलू सिंह का घर</td><td>सामग्री लगी हैं।(रिबोर योग्य)</td></tr>
<tr><td colspan="3">अवगत कराना है कि प्रश्नगत क्षेत्र मे पेयजलापूर्ति कि व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु सिटी वाटर एक्शन प्लान तैयार किया गया है। वर्तमान मे प्रश्नगत क्षेत्र मे यथावश्यक मिनी ट्यूबवेल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रहीं है।</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>(घ) यदि नहीं, तो क्या सभी हैण्ड पाइपों के सभी यंत्र वहॉ लगे है ?</td><td>उपरोक्तानुसार।</td></tr>
<tr><td>(ड) क्या उक्त की जॉच करायेंगे ?</td><td>उपरोक्तानुसार।</td></tr>
<tr><td>(च) यदि हॉ, तो कब तक ?</td><td>उपरोक्तानुसार।</td></tr>
<tr><td>(छ) यदि नहीं, तो क्यों ?</td><td>प्रश्न नहीं उठता।</td></tr>
</table>

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**